**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**उप मुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक एवं सुदृढ़ पेयजल तथा स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चंबा जिला के डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की लगभग 96 करोड़ 32 लाख धनराशि वाली तीन परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। साथ में उन्होंने लगभग 3 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि से निर्मित होने वाली मल निकासी योजना डलहौज़ी का शिलान्यास भी किया। मुकेश अग्निहोत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गत तीन वर्षों के दौरान सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि डलहौज़ी शहर में पर्यटन की दृष्टि से भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अग्निहोत्री ने बताया कि डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा कार्यान्वित विभिन्न परियोजनाओं के तहत 3 सौ 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के कार्य प्रगति पर हैं।

**वेतन**

प्रदेश में वित्तीय संकट के बीच राज्य सरकार ने बडा निर्णय लेते हुए आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का 20 से 30 प्रतिशत तक वेतन अगले छह महीने तक के लिए स्थगित कर दिया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने कल अधिसूचना जारी की है। यह स्थगन इस महीने से प्रभावी होगा जो मई 2026 में देय होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी स्थगन है और रोकी राशि वित्तीय स्थिति सुधरने पर जारी की जाएगी।

**ग्रामीण सड़क योजना**

प्रदेश में ग्रामीण इलाकों को सड़क सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना वरदान साबित हो रही है। इसी के तहत सिरमौर जिला में कई दुर्गम इलाके योजना के तहत सड़क सुविधा से जुड़ रहे है। योजना के चौथे चरण के तहत जिलेमें 11 नई सड़कों को मंजूरी मिली है जिनका निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सिरमौर जिला संवाददाता

*सिरमौर जिला के ग्रामीण इलाकों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कारगर साबित हो रही है और सभी दुर्गम इलाकों को योजना के तहत सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है चौथे चरण में 11 सड़कों को स्वीकृति मिली है। जिला सिरमौर के अलग–अलगविकास खंडों में बनने वाली इन सड़कों पर करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा विभागीयजानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में बनने जारही 11 सड़कों के निर्माण पर करीब 90 करोड रुपए की राशि खर्चकी जाएगी। स्वीकृत 11 सड़कों में से 5 सड़कें पांवटा साहिब, 3 शिलाई, जबकि एक एकसड़क नाहन, पच्छाद और राजगढ़। विकास खंड में बनने जा रही है। विभाग द्वारा इनसड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्दनिर्माण कार्य होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन सड़कों के निर्माण सेकनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।सतीशशर्मा....*

**अनिता ठाकुर**

राज्य सरकार ने अनिता ठाकुर को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग के सचिव सी पी वर्मा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अनीता को तीन साल के लिए अध्यक्ष बनाया गया है। वह महिला विकास निगम की पूर्व निदेशक रह चुकी है। अनीता ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

**जय सिंह**

इस बीच भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर देश की महिलाओं के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया है। जय सिंह ने चम्बा जिला की ग्राम पंचायत कीड़ी के नागेला गांव में आयोजित पोल खोल अभियान के दौरान

लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैली में नारी सम्मान का दिखावा और संसद में महिला आरक्षण के बिल का समर्थन न करना कांग्रेस का दोहरा चेहरा सामने लाया है।

**ऑनलाइन दर्शन**

शिमला जिला के मंदिरों से श्रद्धालुओं को ऑनलाइन दर्शन सहित अन्य सुविधाएं जल्द मिलने वाली है। प्रसिद्ध मंदिरों की वेबसाइट विकसित करने का कार्य करीब 80 फीसदी पूरा कर लिया गया है। जिला के मंदिरों की एक श्रेष्ठ वेबसाइट का निर्माण किया जा रहा है जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर से संबंधित हर प्रकार की जानकारी हासिल करने में सुविधा मिलेगी।

*सिरमौर जिला के ग्रामीण इलाकों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कारगर साबित हो रही है और सभी दुर्गम इलाकों को योजना के तहत सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है चौथे चरण में 11 सड़कों को स्वीकृति मिली है। जिला सिरमौर के अलग–अलगविकास खंडों में बनने वाली इन सड़कों पर करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा विभागीयजानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में बनने जारही 11 सड़कों के निर्माण पर करीब 90 करोड रुपए की राशि खर्चकी जाएगी। स्वीकृत 11 सड़कों में से 5 सड़कें पांवटा साहिब, 3 शिलाई, जबकि एक एकसड़क नाहन, पच्छाद और राजगढ़। विकास खंड में बनने जा रही है। विभाग द्वारा इनसड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्दनिर्माण कार्य होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन सड़कों के निर्माण सेकनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।सतीशशर्मा....*

**योगराज/शिमला**

**भाजपा बैठक**

भाजपा की विशेष बैठक शिमला में आयोजित की गई। बठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंचायतों, नगर निकायों, विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी को कम करके उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शिमला में प्रदेश व्यापी कांग्रेस महिला विरोधी जन आक्रोश पद यात्रा आगामी 23 अप्रैल को आयोजित करेगी।

प्रेनो

**केवल सिंह पठानिया**

विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि कांगड़ा के शाहपुर में जल्द ही एंटी चिटटा वॉकथन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शाहपुर में इसे लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गयां। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पठानिया ने कहा कि प्रदेश भर में चिटटे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**पर्यटन विकास**

लाहौल–स्पीति जिला के तांदी में पर्यटन विकास पर कल 21 अप्रैल को अहम बैठक आयोजित होगी। बैठक में क्षेत्र में पर्यटन के सतत विकास और उससे जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ इसके सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर मंथन करना है। इस पहल को लेकर स्वतंत्र सतत विकास समर्थक राजेश चंद ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों और अनुभवी लोगों से बैठक में भाग लेकर अपने सुझाव साझा करने की अपील की है, ताकि पर्यटन विकास को स्थानीय परंपराओं और जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाया जा सके। स्थानीय समुदाय से इस बैठक में अधिक से अधिक भागीदारी की उम्मीद जताई जा रही है, ताकि क्षेत्र के संतुलित और टिकाऊ विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।